PGDDM

# सत्रीय कार्य 2025

# आपदा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
# (पी.जी.डी.डी.एम.)

इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय

समाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदानगढ़ी, नई दिल्ली–110 068

# आपदा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

प्रिय छात्र/छात्राओ,

जैसा कि आपको आपदा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम की कार्यक्रम दर्शिका में बताया ही जा चुका है कि आपको चार क्रेडिट वाले प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना होगा।

प्रत्येक सत्रीय कार्य में भाग–I और भाग–II हैं। प्रत्येक भाग में पाँच प्रश्न हैं। आपको कुल पाँच प्रश्न करने हैं, किंतु प्रत्येक भाग में से कम से कम दो प्रश्न अवश्य करने होंगे। आपको प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 400 शब्दों में देना होगा। आप यह देखेंगे कि सत्रीय कार्यों के प्रश्न विश्लेषणात्मक और वर्णनात्मक प्रकृति के हैं। इन्हें करने से आप अवधारणाओं को बेहतर तरीके से समझ सकेंगे।

सत्रीय कार्यों को करने से पहले कृपया कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह महत्वपूर्ण है कि आप टी.एम.ए. के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपके उत्तर प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित की गई शब्द–सीमा के भीतर होने चाहिए। याद रखें, सत्रीय कार्य के प्रश्नों का उत्तर लिखने से आपकी लेखन शैली में सुधार होगा और ये आपको सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार करेंगे।

सत्रीय कार्यों को आपने अध्ययन केंद्र के संचालक के पास जमा कराएँ। जमा कराए गए सत्रीय कार्यों की अध्ययन केंद्र से रसीद अवश्य प्राप्त कर लें और उसे अपने पास संभाल कर रखें। यह आवश्यक है कि आप सत्रीय कार्यों की एक फोटोप्रति भी अपने पास रखें।

सत्रीय कार्यों को मूल्यांकन के पश्चात अध्ययन केंद्र आपको वापस कर देगा। कृपया इस ओर विशेष ध्यान दें। अध्ययन केंद्र द्वारा अंकों को संबंधित क्षेत्रीय केंद्र को भेजना होता है और बाद में वे उन्हें विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली के पास भेजते हैं।

**प्रस्तुतीकरण :**

**आपको सत्रीय कार्यों को निर्धारित तिथि तक जमा कराना होगा ताकि आप सत्रांत परीक्षा देने के पात्र हो सकें।**

सत्रीय कार्यों को पूरा करके निम्नलिखित समय–सारणी के अनुसार भेजें :

| सत्रीय कार्य संख्या | प्रस्तुति की तिथि | किसे भेजें |
|---|---|---|
| एम.पी.ए.–001<br>एम.पी.ए.–002<br>एम.पी.ए.–003<br>एम.पी.ए.–004<br>एम.पी.ए.–005<br>एम.पी.ए.–006<br>एम.पी.ए.–007<br>एम.ई.डी.–004 (केवल उन्हीं विद्यार्थियों के लिए जिन्होंने परियोजना कार्य के स्थान पर इस पाठ्यक्रम को लिया है।) | 31 मार्च 2025<br>जून 2025 सत्र के लिए (उन विद्यार्थियों के लिए जिन्होंने अभी तक सत्रीय कार्य जमा नहीं किया है, और जून में परीक्षा देंगे)<br>30 सितंबर 2025<br>दिसंबर 2025 सत्र के लिए (उन विद्यार्थियों के लिए जिन्होंने अभी तक सत्रीय कार्य जमा नहीं किया है, और दिसंबर में परीक्षा देंगे) | अपने निर्दिष्ट अध्ययन केंद्र के संचालक को |

# सत्रीय कार्य करने के निर्देश

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्य में दिए गए निर्देशों के अनुसार अपने उत्तर लिखेंगे। सत्रीय कार्यों के उत्तर लिखते समय कृपया निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखें:

1) **योजना** : सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढ़िए। प्रत्येक उत्तर के बारे में महत्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

2) **संगठन** : अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर को चुनने और विश्लेषण करने का प्रयास कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और समाहार पर विशेष ध्यान दें।

   उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि :

   क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत हो
   ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध हो; और
   ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही हों।

3) **प्रस्तुतीकरण** : जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ–साफ और अपनी हस्तलिपि में ही लिखें।** जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हों, उन्हें रेखांकित कर दें। यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर ही हो।

शुभकामनाओं के साथ,

# एम.पी.ए.–004
# आपदा तैयारी
# सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.)

पाठ्यक्रम कोड : एम.पी.ए–004
सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.एस.टी/टी.एम.ए/2025
अंक : 50

**इस सत्रीय कार्य में भाग–I और भाग–II हैं। प्रत्येक भाग में पाँच प्रश्न हैं। आपको कुल पाँच प्रश्न करने हैं, किंतु प्रत्येक भाग में से कम से कम दो प्रश्न अवश्य कीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 400 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है।**

## भाग–I

1. आपदा न्यूनीकरण की अवधारणा तथा दृष्टिकोणों की चर्चा कीजिये।
2. आपदा तैयारी के संदर्भ में योजना के महत्व का विश्लेषण कीजिये।
3. आपदाओं के समय पशुधन प्रबंधन के लिये आवश्यक उपायों का परीक्षण कीजिये।
4. समुदाय आधारित आपदा तैयारी की आवश्यकता तथा महत्व की व्याख्या कीजिये।
5. सूचना, संचार तथा प्रशिक्षण के घटकों तथा कार्यनीतियों का वर्णन कीजिये।

## भाग–II

6. मौसम–विज्ञान और जल विज्ञान संबंधी आपदा तैयारी पर एक टिप्पणी लिखिये।
7. आपदा मानचित्रण तथा भू–प्रयोग क्षेत्रण आपदा तैयारी को किस प्रकार सुविधाजनक बनाते हैं?
8. वायरलैस रेडियो तथा हैम रेडियो की विशेषताओं की व्याख्या कीजिये।
9. सतत् विकास की अवधारणा की चर्चा कीजिये।
10. संघर्ष समाधान तकनीकों का वर्णन कीजिये।